**वर्कशॉप** | प्रदेश में पहली बार आयोजन,जम्मू एंड कश्मीर, बैंगलुरू, इंदौर, भोपाल से शहर आए विषय विशेषज्ञ

# मील का पत्थर साबित होगी प्रदेश के नर्सिंग प्रोफेशनल्स के लिए राष्ट्रीय वर्कशॉप





▶ प्रदेश के सभी नर्सिंग कॉलेज के छात्रों, अस्पतालों के स्टाफ-नर्स भी हुए शामिल

**नवभारत,जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर से संचालित नर्सिंग कॉलेज जबलपुर के द्वारा मध्यप्रदेश में पहली बार कॉलेज परिसर में आयोजित एक दिवसीय नेशनल वर्कशॉप में एकेडेमिक्स और क्लिनिकल प्रैक्टिस का संगम देखने को मिला। 6 सत्रों में पूरा हुआ आयोजन फार्माकोलॉजी में उभरते ट्रेंड्स और नर्सिंग केयर डिलीवरी में उनके असर विषय पर आधारित था। इस दौरान जम्मू एंड कश्मीर, बैंगलुरू, इंदौर, भोपाल से शहर आए विषय विशेषज्ञों द्वारा जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य नर्सिंग कॉलेज से कार्यशाला में भाग लेने आए प्रतिभागियों को

नर्सिंग क्षेत्र से जुड़े प्रोफेशनल्स, दवाओं के नवीनतम वर्गीकरण, उनके देने के आधुनिक तरीकों, सटीक डोज कैल्कुलेशन और नर्सिंग की बढ़ती जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। एक दिवसीय कार्यशाला में करीब 1 हजार प्रतिभागियों ने सहभागिता की और कई अहम जानकारियां हासिल कीं।

## मरीजों की देखभाल में आएगा सुधार

जानकारी के अनुसार चिकित्सा जगत में दवाओं के बदलते स्वरूप और उपचार की आधुनिक पद्धतियों को देखते हुए शासकीय नर्सिंग कॉलेज, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर द्वारा नेशनल वर्कशॉप आयोजित की गई थी। कार्यशाला में मुख्य रूप से नर्सिंग संकाय सदस्य, पीएचडी स्कॉलर्स, पीजी छात्र और विभिन्न अस्पतालों के स्टाफ नर्स ने सहभागिता की। यह आयोजन जबलपुर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के नर्सिंग प्रोफेशनल्स के लिए मील का पत्थर साबित होगा, जिससे अंततः मरीजों को मिलने वाली देखभाल की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

## ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि डॉ. अशोक खंडेलवाल (वाइस चांसलर, मध्य प्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, जबलपुर), मुख्य अतिथि डॉ. प्रो. नवनीत सक्सेना, डीन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर, अतिथि डॉ. प्रो. अरविद शर्मा, संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज जबलपुर एवं कर्नल रूपा भौमिक मैट्रन मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर, डॉ. प्रो. स्टेला पीटर (उप-प्राचार्य) नर्सिंग कॉलेज मौजूद रहीं।

## इन्होंने दिया प्रशिक्षण

नेशनल वर्कशॉप में डॉ. सचिन कुचया एचओडी फार्माकोलॉजी) विषय विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज, प्रीति सिंह ठाकुर श्रीमाता वैष्णों देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कटरा जम्मू एंड कश्मीर, डॉ. एस. वल्लियाम्माला लेक्चरार कॉलेज ऑफ नर्सिंग निमहंस, बेंगलुरु, डॉ. शिवचरण सिंह गंधार प्राचार्या मिट. विश्वराज इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग इंदौर, डॉ. प्रो. एम.एस. विंसी प्राचार्या बाम्बे हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग इंदौर, डॉ. लिली पोद्दार एसोसिएट प्रोफेसर नर्सिंग कॉलेज एम्स भोपाल ने मेडिकल छात्रों को प्रशिक्षण देकर अहम जानकारियां दीं।

## इनका कहना है



चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे तकनीकी बदलावों के बीच नर्सों की भूमिका अब केवल दवा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि फार्माकोलॉजिकल ज्ञान के माध्यम से मरीज की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उनकी प्राथमिकता है।

**डॉ. अर्चना पीटर, प्राचार्या, शासकीय नर्सिंग कॉलेज जबलपुर**



चिकित्सा जगत में दवाओं के बदलते स्वरूप और उपचार की आधुनिक पद्धतियों की जानकारी देने नेशनल वर्कशॉप आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया।

**डॉ. जया गुप्ता, एचओडी, नर्सिंग कॉलेज**



नर्सिंग छात्रों को वैक्सीन, इंजेक्शन लगाने के डोज को लेकर विशेषज्ञों द्वारा नेशनल वर्कशॉप में जानकारी दी गई जिससे मरीजों को मिलने वाली देखभाल की गुणवत्ता में और अधिक सुधार आएगा। जो वर्कशॉप में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हो सके उनके लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई थी।

**डॉ. गायत्री श्रीवास, असिस्टेंट प्रोफेसर, नर्सिंग कॉलेज**



मध्यप्रदेश में पहली बार नर्सिंग कॉलेज जबलपुर के द्वारा शहर में नेशनल वर्कशॉप आयोजित की गई है जिसमें प्रदेश के सारे नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने सहभागिता की है।

**हर्षा सोलंकी नर्सिंग ऑफिसर**



# पुष्पावती नगरी में ध्वजारोहण से प्रारंभ हुआ वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

▶ श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय का तीन दिवसीय महोत्सव

**नवभारत,जबलपुर।** शुक्रवार को शुक्रवारी बजरिया हनुमान ताल में बने श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय का श्री तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज एवं वेदी सूतन रामडिम मूरी परिवार के तत्वावधान में विविध अनुष्ठानों के साथ पुष्पवती नगरी फूटाताल में प्रारंभ हुआ। महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव में मेला नायक बनकर ध्वजारोहण करने का सौभाग्य जिनशासन पुष्प परिवार जबलपुर, सागर, नागपुर एवं भोपाल को प्राप्त हुआ, वहीं भाईजी कुंडा वाला परिवार द्वारा तीनों मनोहारी वेदी के लिए चांदी की चौंकी भेंट कर अनुमोदना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में त्यागी व्रती साधकों सहित पूरे देश से पधारे श्रेष्ठिगण एवं श्रावक - श्राविकाओं के साथ पूर्व विधायक विनय सक्सेना एवं मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीए अखिलेश जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए।

दोपहर में समवशरण मंडप में मंदिर विधि कर देव - शास्त्र - गुरु भगवन्तों की आराधना की गई पश्चात दान प्रभावना कर जिनवाणी चल समारोह निकाला गया, जो मंगलगान करते हुए चैत्यालय पहुंचा जहां श्रावणगणों ने भक्ति भाव पूर्वक संगमरमर की तीनों मनोहारी वेदी पर विधि विधान पूर्वक मां जिनवाणी का अस्थाप कर छत्र एवं चंबर समर्पित किए गए। संध्या की बेला पर सामूहिक भक्ति कर साधकों के श्रीमुख से जिनवाणी का रसस्वादन किया गया, जिसके बाद महिला मंडल एवं बालकों द्वारा नाटक महासती सीता की अग्नि परीक्षा की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया।

## दिल्ली के संजीव जैन की भजन संध्या आज

शरद जैन पुखराज एवं धर्म प्रभावक नितिन जैन ने बताया कि महोत्सव के द्वितीय दिवस आज शनिवार शाम 9 बजे से उस्मानपुर दिल्ली से पधारे अंतरराष्ट्रीय भजन गायक संजीव जैन की विशेष भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें सकल समाज से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने अपील महोत्सव समिति के सर्वश्री ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश समैया, शरद समैया, दीपक राज जैन, सीए राहुल जैन, राजू परासिया, मनोज मंटू कुंडा वाले, प. संतोष जैन, जतिन समैया, प्रियंक समैया, राजेश दिगंबर द्वारा की गई है।

## एक नजर में



## यूजीसी समता कानून 2026 लागू करने की मांग

**नवभारत,जबलपुर।** एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. वर्ग के छात्रों को उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न से संरक्षण देने हेतु प्रस्तावित यू.जी.सी. समता कानून 2026 को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग को लेकर 17 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे घंटाघर पुलिस कंट्रोल रूम के पास बहुजन संगठनों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आयोजकों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि यू.जी.सी. समता कानून 2026 को संसद के विशेष सत्र या अध्यादेश के माध्यम से लागू किया जाए तथा इसे आईआईटी, आईआईएम और अन्य केंद्रीय संस्थानों पर भी अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। आयोजन में संयोजक बैजनाथ पटेल, देवेश कुमार चौधरी, रामरतन यादव, नौखेलाल प्रजापति, शैलेष लोधी, छोटे पटेल, मनोज बाघमारे, संजय सेन, इन्द्र कुमार कुलस्ते एवं सुनील नादेकर सहित अन्य प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



## विजया एकादशी में जगदीश बस्ती से निकली प्रभात फेरी

**नवभारत,जबलपुर।** फाल्गुन् मास कृष्ण पक्ष शुक्रवार को विजया एकादशी पर्व पर विवेक अग्रवालजी के निवास पी एन तिवारी का बाड़ा महादेव मंदिर पढ़ाव जगदीश बस्ती से प्रात:बेला में प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर गोपाल कोरी, अमित विश्नोई,देवेन्द्र नेमा,अनिल सुहाने,विशाल पड्या, मनोज गुलवानी, सुरेश् शुक्ला, अवधेश खरे,वीरेंद्र नामदेव, मातृ शक्ति रेखा ठाकुर, रंजीता केसरी,मंजू कोष्टा,रश्मि शर्मा, अर्चना पटेल,संगीता केसरवानी, सुषमा गोवस्वामी, भावना अग्रवाल, तारा सेन,भानु रैकवार आदि बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित रहे।

## आईआईआईटीडीएम में डिज़ाइन कार्यशाला का दूसरा दिन

**नवभारत,जबलपुर।** पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिज़ाइन एवं विनिर्माण संस्थान (आईआईआईटीडीएम) में आयोजित 10वीं अंतरराष्ट्रीय डिज़ाइन कार्यशाला 'डिज़ाइन कार्यशाला 10.0' के दूसरे दिन उद्योग-केंद्रित तकनीकी सत्रों, विशेषज्ञ संवाद और छात्र गतिविधियों ने विशेष आकर्षण बिखेरा। कार्यशाला का मुख्य विषय 'उद्योग 5.0 में सहजीवी कृत्रिम बुद्धिमत्ता' रहा। दिन की शुरुआत आरईसी लिमिटेड के अधिकारी (अभियंत्रण) एर. नीरज सोनी के विशेषज्ञ व्याख्यान से हुई। उन्होंने विद्युत वितरण प्रणालियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, बड़े विद्युत ढाँचों में दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ाने तथा निर्णय-निर्माण को सुदृढ़ करने के व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए। इसके बाद लिंक्डइन के वरिष्ठ अनुप्रयुक्त अनुसंधान अभियंता एर. हारून अंसारी ने औद्योगिक निर्णय-निर्माण में विश्वसनीय विशाल भाषा मॉडल (एलएलएम) की भूमिका पर प्रकाश डाला। दोपहर सत्र में ईपैम सिस्टम्स के वरिष्ठ निदेशक एर. संतोष कुलकर्णी ने सहजीवी कृत्रिम बुद्धिमत्ता की अवधारणा समझाते हुए विनिर्माण और खुदरा क्षेत्रों में मानव-एआई सहयोग के लाभ बताए। अंतिम तकनीकी सत्र में ईवाई, कोलकाता के वरिष्ठ प्रबंधक (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) एर. सतीश अग्रवाल ने एजेंटिक तंत्र और संदर्भ-संवेदी एआई डिज़ाइन विषय पर व्याख्यान दिया। दिन का मुख्य आकर्षण 'सामाजिक हित के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अभियंत्रण' विषय पर छात्र डिज़ाइन प्रदर्शनी रही। चयनित छात्र टीमों ने स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, हरित एवं सतत प्रणालियाँ, स्मार्ट अवसंरचना, ऊर्जा समाधान, रोबोटिकी और सहायक उपकरणों से जुड़े नवाचार प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी ने छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप देने का मंच प्रदान किया। समापन पैनल मूल्यांकन, सांस्कृतिक संध्या और रात्रि भोज के साथ हुआ। 14 फरवरी को समापन एवं वैलेडिक्टरी कार्यक्रम आयोजित होगा।



# विधि संकाय की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**नवभारत, जबलपुर।** माता गुजरी महाविद्यालय (विधि),जबलपुर के विधि संकाय द्वारा बी.कॉम. एल एल. बी.तथा बी.बी.ए.एल एल. बी. (आनर्स) की छात्राओं के लिए जिला उपभोक्ता फोरम का शैक्षणिक भ्रमण विधि विभाग की डॉ. श्रुति पुंज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष अमित सिंह तिवारी एवं अधीक्षक संतोष अग्रवाल ने छात्राओं को उपभोक्ता मामलों की कार्यवाही, सिविल मामलों की सुनवाई तथा न्यायिक प्रक्रिया एवं उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी। श्री अग्रवाल ने विधि क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं और करियर अवसरों के संबंध में भी का मार्गदर्शन किया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। इस अवसर पर विधि संकाय की प्राध्यापिका साकेत एवं ले. भारती तिवारी उपस्थित रहीं।

## 27 कृतियों का विमोचन आज

**नवभारत,जबलपुर।** कला, साहित्य, संस्कृति, को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में अंबर स्वामी अनंत की तीन कृतियां,वंदना सोनी विनम्र की 12 एवं विजय बेशर्म की 12 इस तरह 27 कृतियों का विमोचन शनिवार 14 फरवरी को अपरान्ह 2:30 बजे से होटल समदड़िया इन रसल चौक में आयोजित है। महाकवि आचार्य भगवत दुबे एवं महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे के सानिध्य में समारोह के मुख्य अतिथि दर्शन सिंह चौधरी सांसद नर्मदा पुरम होंगे।अध्यक्षता कुशलेन्द्र श्रीवास्तव गाडरवारा करेंगे। सारस्वत अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक साहित्यकार डॉ. पी. एस. बिंद्रा भोपाल एवं डॉ. अरुण कुमार तिवारी प्राचार्य नवोदय विद्यालय होंगे।



## शिव विवाह कथा में पहुंचे विधायक रोहाणी

**नवभारत,जबलपुर।** केंट विधानसभा सरस्वती स्कूल परिसर में स्वर्गीय दादा ईश्वर दास रोहाणी की स्मृति में शिव महापुराण कथा का आयोजन 9 से 15 फरवरी तक किया जा रहा है,जिसमें कथा वाचक अशोकानंद महराज ने मधुर आवाज़ के साथ शिव विवाह कथा का वाचन किया। श्रोताओं में केंट विधायक अशोक रोहाणी, रिंकू बिज़ नगर निगम अध्यक्ष, अखिलेश जैन, दामोदर सोनी, मंगालसिंह वघेल सम्मलित होकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया।



## रसरंग महोत्सव में जुड़ेंगे नए आकर्षण

**नवभारत,जबलपुर।** गुंजन कला सदन द्वारा होली के अवसर पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रसरंग महोत्सव इस वर्ष 2 मार्च को शहीद स्मारक में मनाया जाएगा, इसमें इस वर्ष अनेक नए आकर्षण जोड़े जाएंगे । उपरोक्त आशय के विचार संस्था की एक विशेष बैठक में अध्यक्षता करते हुए डॉ. आनंद तिवारी ने व्यक्त किए । कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, अजय अग्रवाल, लायन नरेन्द्र जैन, श्याम चौदहा, आर. के. टहनगुरिया, डॉ. सत्येन्द्र जैन, अभय जैन, राजेश पाठक 'प्रवीण', आलोक पाठक, सुरेश सराफ ने भी विचार व्यक्त किए । बैठक में युवा गुंजन के अध्यक्ष हिमांशु तिवारी, महिला प्रकोष्ठ की इंदिरा पाठक तिवारी, रेखा जैन, कमलेश यादव, डॉ. प्रियंका तिवारी, डॉ. गार्गी तिवारी एवं भारती साहा सहित सुनील श्रीवास्तव, विक्रम परवार, कौशल यादव, अभिषेक अग्रवाल, मिठाई लाल चक्रवर्ती, डॉ. रजनीश गर्ग, डॉ. प्रकाश दुबे, प्रदीप जैन सहित अनेक लोग उपस्थित थे। संचालन प्रतुल श्रीवास्तव ने एवं आभार प्रदर्शन विजय जायसवाल ने किया ।

# भारत-जापान सहयोग से उन्नत तनाव मापन प्रणाली का विकास

▶ आईआईआईटीडीएम में वेयरेबल तकनीक और व्याख्येय कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शोध



**नवभारत, जबलपुर।** आईआईआईटीडीएम द्वारा बहु-माध्यमीय, व्यक्तिगत, अंतर-सांस्कृतिक एवं व्याख्येय तनाव मापन प्रणाली परियोजना के अंतर्गत उन्नत पहनने योग्य उपकरणों तथा व्याख्येय कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मॉडलों के माध्यम से सटीक और सांस्कृतिक रूप से अनुकूल तनाव मापन तकनीक विकसित की जा रही है। इस परियोजना में प्रो. पुनीत टंडन भारतीय प्रमुख अन्वेषक के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि जापानी पक्ष का नेतृत्व प्रो. वारिसावा कर रहे हैं। परियोजना के अंतर्गत प्रो. टंडन के शोधार्थी डॉ. हर्षल वाई. शहारे मार्च 2026 से मार्च 2027 तक 12 माह के लिए जापान में आमंत्रित विदेशी शोधकर्ता के रूप में कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रो. टंडन भी एक माह के लिए विजिटिंग रिसर्चर के रूप में जापान में शोध कार्य करेंगे। संस्थान ने छात्रों को संरचित प्रशिक्षण एवं रोजगार अवसर प्रदान करने हेतु टेक जापान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसी क्रम में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल (09 छात्र एवं 01 संकाय सदस्य) ने मिराई-सेतु 2025 कार्यक्रम के तहत जापान में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक सहभागिता, औद्योगिक प्रशिक्षण एवं संस्थागत संवाद में भाग लेकर भविष्य के अनुसंधान एवं छात्र विनिमय कार्यक्रमों के नए अवसर सृजित किए।

## पांच छात्रों ने किया जापान का दौरा

पिछले दो वर्षों में 19 जापानी कंपनियों ने प्रशिक्षण अवसर प्रदान किए, जबकि 47 पूर्व-नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम अंशकालिक, ग्रीष्मकालीन, सेमेस्टर-दीर्घ एवं वार्षिक स्वरूप में संचालित किए जा रहे हैं। ये अवसर ऑनलाइन तथा प्रत्यक्ष दोनों माध्यमों से उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों को वैश्विक औद्योगिक अनुभव प्राप्त हो रहा है। संस्थान के विद्यार्थियों ने जेनेसिस प्रोग्राम के अंतर्गत जापान सरकार द्वारा पूर्ण वित्तपोषित अंतरराष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त किया। वर्ष 2024 में छह तथा वर्ष 2025 में पांच स्नातक छात्रों ने जापान का दौरा किया।

**महोत्सव** | ऋतु रंगशाला आर्ट कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय नाट्य महोत्सव

# भक्ति और वैराग्य से मंच पर जीवंत हुए संत तुकाराम



**नवभारत,जबलपुर।** ऋतु रंगशाला आर्ट कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय नाट्य महोत्सव के चौथे दिन संस्कारधानी के रंगप्रेमियों को भक्ति रस से सराबोर होने का अवसर मिला। इस समारोह में 'रंग शीर्ष' संस्था द्वारा नाटक 'संत तुकाराम' का भावपूर्ण मंचन किया गया। गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक में शाम 7 बजे शुरू हुई इस प्रस्तुति ने दर्शकों को विठोबा की भक्ति और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ दिया। संजय मेहता द्वारा लिखित और निर्देशित इस नाटक की शुरुआत तुकाराम के घर से होती है, जहाँ वे विठोबा की भक्ति में लीन हैं। नाटक में उनकी पत्नी 'अवलाई' के संघर्ष को बखूबी दिखाया गया, जो गरीबी के कारण तुकाराम की भक्ति का विरोध करती है। कहानी में मोड़ तब आता है जब पंडित रामेश्वर ईर्ष्यावश तुकाराम के अभंगों की किताब नदी में फेंक देते हैं, लेकिन वह चमत्कारिक रूप से वापस आ जाती है। नाटक के अंत में जब राजा शिवाजी द्वारा भेजे गए रत्नों को तुकाराम ठुकरा देते हैं और अंततः वैकुंठ की ओर प्रस्थान करते हैं, तो दर्शक भावुक हो उठे। संत तुकाराम के रूप में संजय मेहता और अवलाई के रूप में रंजना तिवारी ने जीवंत अभिनय किया,मोहम्मद फ़ैज़ान (विठोबा/सूत्रधार), अंकिता पाल (रुकमणि), रूपेश तिवारी (रामेश्वर), और चित्रांश कुमार (सूत्रधार/सैनिक) ने अपने पात्रों के साथ न्याय किया।

नेपथ्यः प्रकाश परिकल्पना कमलेश वर्मा की रही, जबकि संगीत संचालन प्रिंस मलक और वाद्ययंत्रों पर नीरज प्रजापति ने सहयोग दिया। वेशभूषा अंकिता पाल व गायत्री निगम की थी।




## 25 करोड़ से अधिक कृषि ऋण स्वीकृत एवं वितरित

▶ सेंट्रल बैंक द्वारा राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पी. के. मिश्रा, कुलपति, जेएनकेवीवी, और अध्यक्षता रोहित कुमार, डीजीएम, केंद्रीय कार्यालय मुंबई ने की। कार्यक्रम में राइस मिल एवं दाल मिल उद्योग हेतु फूड क्लस्टर प्रोडक्ट का शुभारंभ भी किया गया। मंचासीन अतिथियों में अविनाश कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख, सेंट्रल बैंक जबलपुर, डॉ अमित शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जेएनकेवीवी; और अतुल कुमार श्रीवास्तव, डीन, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर शामिल रहे। अन्य अतिथियों में कृषि विभाग, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, एनआरएलएम और नाबार्ड के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर 25 करोड़ रुपए से अधिक कृषि एवं संबद्ध ऋण स्वीकृत और वितरित किए गए, जिसमें एसएचजी ऋण को विशेष महत्व दिया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक किसान, एसएचजी सदस्य और बैंक सखी शामिल हुए। डॉ. पी. के. मिश्रा ने वैज्ञानिक और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया और बैंक व विश्वविद्यालय के समन्वय को किसानों के लिए उपयोगी बताया।